निवृत होने वाले

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
एक मिनी रत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग)
जन सर्म्पक विभाग
कोयला भवन, कोयला नगर
धनबाद – 826005 (झारखण्ड)
दूरभाष/फैक्स : 0326–2230202
वेबसाईट: www.bccl.gov.in
ईमेल: bcclprodhanbad@gmail.com
सीआईएन : U10101JH1972GOI000918

BHARAT COKING COAL LIMITED
'A Mini Ratna Company'
(A Subsidiary of Coal India Limited)
Public Relation Department
Koyla Bhawan, Koyla Nagar
Dhanbad- 826005 (Jharkhand).
Phone/Fax: 0326-2230202
website: www.bccl.gov.in
email: bcclprodhanbad@gmail.com
CIN : U10101JH1972GOI000918

दिनांक –27.11.2014

प्रेस विज्ञप्ति

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के मुख्यालय कोयला भवन एंव क्षेत्रों से दिनांक 30.11.2014 को सेवा निवृत होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आज दिनांक 27.11.2014 कोयला नगर स्थित सामुदायिक केन्द्र में कंपनी के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेषक श्री टी के लाहिड़ी द्वारा सम्मानित किया गया। कंपनी से 15 अधिकारी एवं मुख्यालय से 6 कर्मचारियों को सम्मानित किया। सेवा निवृत होने वाले अधिकारियों में डॉ0 डी0 के0 सारस्वत, मुख्य चिकित्सा सेवाऐं, केन्द्रीय चिकित्सालय, धनबाद, सर्वश्री सी0 शिवनारायण नायर, महा प्रबंधक (वि./यां.), बरोरा क्षेत्र, विनोद कुमार रॉय, महा प्रबन्धक (उत्खनन), सिजुआ क्षेत्र, उत्पल कुमार बनर्जी, महाप्रबन्धक (उत्खनन),उत्खनन विभाग, दिलीप कुमार सिंह, महाप्रबन्धक (खनन), सुरक्षा विभाग, प्रद्युमन प्रसाद यादव, मुख्य प्रबन्धक (खनन), योजना/परियोजना,, मुख्यालय, बेनेडिक्ट कुमार, मुख्य प्रबन्धक (वि0/या0),पुटकी बलिहारी क्षेत्र, रमेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य प्रबन्धक (सा0प्र0), पूर्वी झरिया क्षेत्र, संजय नारायण जोग, मुख्य प्रबन्धक (पद्धति), ई0डी0पी0, अमिया कुमार रॉय, वरीय प्रबन्धक (खनन), बरोरा क्षेत्र, दीपक कुमार भट्टाचार्जी, उप प्रबन्धक (वित्त), बरोरा क्षेत्र, सनातन घोष, सहायक प्रबन्धक (सर्वेक्षण), पुर्वी झरिया क्षेत्र, परमानन्द रॉय, वरीय अधिकारी (वि0/या0), पुटकी बलिहारी क्षेत्र, रमेश पंडित, अवर अभिंयता (वि0/या0), लोदना क्षेत्र, श्यामापदो दत्ता, अवर अभिंयता (वि0/या0), पश्चिमी झरिया क्षेत्र एवं मुख्यालय, से कर्मचारियों में श्रीमती मालती दासगुप्ता, लेखापाल, फंड विभाग, प्रभात कुमार दूबे, लेखापाल, भुगतान विभाग, बिनोदानन्द मिश्रा, कार्यालय अधीक्षक, औद्योगिक संबंध विभाग, भरत पासवान कमल, वरीय निजी सहायक (ओ0एल0), सुरक्षा विभाग, दीपक घोष, सीनियर मशीनमैन (ऑफ–सेट), बीसीसीएल प्रेस,कोयला नगर, भैरव चन्द्र भंडल, हेड बाइंडर, बीसीसीएल प्रेस, कोयला नगर को अध्यक्ष–सह–प्रबन्ध निदेशक श्री टी0 के0 लाहिड़ी, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री अशोक सरकार, एवं निदेशक कार्मिक) श्री बी के पण्डा ने माला पहनाकर सम्मानित किया तथा उन्हें अंग वस्त्र, श्रीफल, ग्रेच्यूटी, पी एफ का चेक एवं पेन्शन पे ऑर्डर के साथ–साथ स्मृति चिन्ह, सेवा प्रमाण–पत्र एवं हेल्थ कार्ड प्रदान किया ।

इस अवसर पर अध्यक्ष–सह–प्रबन्ध निदेषक श्री टी0 के0 लाहिड़ी ने दिनांक 30. नवम्बर 14 को सेवा निवृत होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपनी शुभकानना देते हुए कहा कि कंपनी में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों अच्छे प्रयासों एवं कड़ी मेहनत से कंपनी का ग्रोथ 7 प्रतिशत है जो अन्य कंपनियों में नहीं है । सेवा निवृत होने वाले कर्मियों के सोच को अनुकरण की आवश्यकता है । सेवा अमृत ट्रष्ट अपना दायित्व बखूबी निभा रहा है । सेवा अमृत ट्रष्ट के कार्यकलापों से सिर्फ धनबाद ही नहीं अपितु पूरा देश अनुकरण करेगा । इस कंपनी को मिनी रत्न का दर्जा प्राप्त हुआ है इसे बरकरार रखना आवश्यक है । 2016–17 तक अनुभवी अधिकारी कर्मचारी सेवा निवृत हो जाएंगे इसलिए आवश्यकता है कि उनके अनुभवों को अनुकरण करें । उन्होंने कहा कि सेवा निवृत्ति के बाद वे सेवा अमृत ट्रष्ट से जुड़ते हैं तो कंपनी और आगे बढ़ सकेगा । सेवा निवृत होने वाले कर्मियों को योगा एवं ब्रम्ह कुमारी संस्थान से जुड़ने के लिए प्रेरणा दी । उन्होंने कहा कि कार्यरत कर्मियों का अच्छा विचार एवं सोच कंपनी को शिखर पर ले जा सकता है । उन्होंने कहा कि समय है कि आप अपने में अच्छाई को जोड़े

जिससे आपकी भावना अच्छा होगा । आज जरूरत है अच्छा सोचने वाले का । यदि ऐसा नहीं होगा तो परिवर्तन संभव नहीं हो पायेगा । सेवा निवृत होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उज्वल व सुखमय जीवन की कामना की ।

इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री अशोक सरकार ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि जो कर्मचारी सेवा निवृत हो रहे हैं वो सम्मान के पात्र हैं । इनके योगदान से ही कंपनी मुनाफा कमाने वाली कंपनी बनी है । यह सम्मान समारोह से अच्छा परिणाम आ रहा है । तकनीकी एवं अनुभवी कर्मियों की कमी हो रही है इसके बावजूद हमें भविष्य में कंपनी को और आगे ले जाने के लिए तैयार रहना होगा । उन्होंने कार्यालय में कार्य करने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए विशेष बल दिया । इसके लिए अभी से तैयारी करनी होगी ।

इस अवसर पर निदेशक(कार्मिक) श्री बी0 के0 पण्डा ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि सेवा निवृत होने वाले कर्मियों के परिवार भी इस कार्यक्रम से जुड़े हैं यह खुशी की बात है । उन्होंने कहा कि सेवा निवृत होने वाले कर्मियों के लिए बनाये गये छह माह के विडियोग्राफी को वेवसाईट पर लोड किया जाएगा । उन्होंने कहा कि सभी व्यक्तियों में ब्रम्ह है । सेवा अमृत ट्रष्ट से जुड़ कर मानव सेवा में जीवन लगायें । निदेशकगण ने सेवा निवृत होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपनी शुभकामनायें दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की । डॉ0 डी0 के0 सारस्वत को चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए लाईफ टाईम एचीवमेन्ट एवार्ड से सम्मानित किया गया ।

सम्मान समारोह में कोल माइन्स ऑफिसर्स एशोसियेशन ऑफ इण्डिया बीसीसीएल शाखा के अध्यक्ष श्री सुधांशु दूबे, एवं श्रमिक प्रतिनिधियों की ओर से स्टाफ को–आर्डिनेषन के श्री उदय सिंह, बी एम एस के श्री ओम सिंह, जनता मजदूर संघ के श्री भुवनेश्वर सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कंपनी के विकास में उनके योगदान की सराहना की एवं शुभकामनायें दी ।

कार्यक्रम में आगन्तुकों का स्वागत महाप्रबन्धक (कार्मिक एवं औ0 सं0) श्री डी0 ए0 यादव ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन उप महाप्रबंधक (श्रमशक्ति) श्री एस0 के0 सिंह ने किया।

इस अवसर पर सेवा निवृत होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अनुभवों, विचारों एवं सुझावों की विडियोग्राफी का प्रदर्शन किया गया । इस अवसर पर महाप्रबन्धक एवं विभागाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।

उप महाप्रबन्धक(जन सम्पर्क)